संख्या-17/2015/15/38/97-का-4-2015

प्रेषक,

राजीव कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
लोक सेवा आयोग,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 28 दिसम्बर, 2015

विषय:-सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा के सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र-II (सी-सैट) को अर्हकारी किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अपने अद्धर्शासकीय पत्र संख्या-239/8/ई-1/2014-टी.सी.-II, दिनांक 21.11.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा से संबंधित सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र-II (सी-सैट) को अर्हकारी करने तथा इस प्रश्न पत्र में समस्त अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हकारी प्राप्तांक 33 प्रतिशत किये जाने एवं इस व्यवस्था को आगामी वर्ष 2016 की सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा से प्रभावी किये जाने के आपके प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त सहमति प्रदान की जाती है।

3. कृपया उपर्युक्तानुसार आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in